




# युवकों की कार ट्राले से भिड़ी, चार गंभीर घायल

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** जिले के फूप थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह नेशनल हाईवे-719 पर बरही टोल प्लाजा के पास एक भीषण सड़क हादसा हुआ। मथुरा-वृंदावन से दर्शन कर लौट रही एक स्विफ्ट कार एमपी07 जेड 9875 सामने चल रहे ट्राले से टकरा गई। हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए ग्वालियर रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार, भिंड निवासी राहुल उर्फ भूरे यादव, कांग्रेस नेता आशीर्वाद शर्मा, युवा नेता जण्डेल और एक अन्य साथी पूर्णिमा पर्व पर मथुरा-वृंदावन दर्शन के लिए गए थे। वापसी के दौरान सुबह बरही टोल प्लाजा के समीप अचानक कार अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्राले से जा भिड़ी।



**तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह:** टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और उसमें बैठे चारों लोग बुरी तरह फंस गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और राहगीरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया और घायलों को कार से निकालकर 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला अस्पताल भिंड पहुंचाया।

**दो की हालत नाजुक, ग्वालियर रेफर:** जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने चारों की गंभीर हालत देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर के निजी अस्पताल रेफर कर दिया। बताया गया कि घायलों में से दो की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है।

**पुलिस ने जब्त किया वाहन, जांच जारी:** फूप थाना प्रभारी सतेन्द्र राजपूत ने बताया कि हादसे की प्राथमिक वजह कार की तेज रफ्तार और नियंत्रण खो देना रही। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त किया और फूप थाने में खड़ा कराया है। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि ट्राले का चालक हादसे के वक्त कहां था और क्या उसकी कोई गलती इस दुर्घटना में शामिल थी। हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक जाम की स्थिति भी बनी रही, जिसे पुलिस ने नियंत्रित किया। यह हादसा एक बार फिर याद दिलाता है कि तेज रफ्तार और लापरवाही किस तरह यात्राओं को मातम में बदल सकती है।

# विधायक बरैया ने गुरुद्वारा पहुंचकर मनाया पर्व

नवभारत न्यूज

**मेहगांव, 5 नवम्बर।** गोहद के हरगोविंदपुरा गुरुद्वारे में गुरु नानक देव जी के 556वें प्रकाश पर्व के पावन अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया ने पहुँच कर मनाया पर्वऔर सिख समाज के प्रबुद्ध जनों से भेंट की।

इस अवसर पर विधायक श्री बरैया ने गुरु नानक देव जी के उपदेशों को समाज में अपनाने का संदेश देते हुए कहा कि गुरु नानक देव जी ने सेवा, सत्य और समानता का मार्ग दिखाया है, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणा स्रोत है।

कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सरदार संतोख सिंह पटैल,भानु प्रताप सिंह तोमर,केदार कौशल, देवेन्द्र निगम,शैलेन्द्र सिंह गुर्जर, नरोत्तम सिंह नरवरिया,दिनेश शर्मा, सुल्तान सिंह नरवरिया,रघुनाथ त्रिवेदी,हसीन भरैया,राघवेन्द्र तोमर (राजू कक्का),जसवंत सिंह जादौन, रणवीर सिंह गुर्जर,नारायण भारती, जयवीर सिंह तोमर,बालकिशन मेहर सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# बिना अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स के दौड़ रही यात्री बसें, परिवहन विभाग मौन

नवभारत न्यूज

**दबोह, 5 नवम्बर।** क्षेत्र में चल रही यात्री बसों में सुरक्षा नियमों की खुली धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। अधिकांश बसें बिना अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स के सड़कों पर दौड़ रही हैं, जिससे यात्रियों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। परिवहन विभाग के अधिकारी इन अव्यवस्थाओं पर पूरी तरह उदासीन नजर आ रहे हैं।

**बस मालिकों द्वारा कागजों में चल रहे नियम :** जानकारी के अनुसार, दबोह से ग्वालियर, भिंड, दतिया, मौ, सेंवढा, दतिया, झांसी, समथर, कोंच, उरई, जालौन और आसपास के क्षेत्रों में चलने वाली निजी यात्री बसों में सुरक्षा उपकरणों का भारी अभाव है। कई बसों में न तो आग बुझाने के साधन हैं और न ही दुर्घटना की स्थिति में प्राथमिक उपचार के लिए कोई व्यवस्था। बस मालिकों द्वारा केवल कागजों में नियमों का पालन दिखाकर कार्रवाई से बचा जा रहा है।

**बिना फिटनेस और सुरक्षा उपकरण के जान जोखिम में :** स्थानीय यात्रियों ने बताया कि परिवहन विभाग की मिलीभगत से बिना फिटनेस और सुरक्षा

**दबोह अंचल में नियमों की अनदेखी**

उपकरणों के वाहन खुलेआम चल रहे हैं। कई बसें तो ओवरलोड होकर यात्रियों की जान जोखिम में डाल रही हैं।

**पिछले दिनों दतिया में हुआ बस हादसा :** इसी बीच, विगत सोमवार को दतिया में एक भयावह बस हादसा हुआ, जिसमें मौके पर ही एक महिला और एक वृद्ध की जलकर मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, वह बस बिना परमिट के दूसरे रूट पर दौड़ रही थी और किसी राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ताओं को छोड़कर लौट रही थी, तभी रास्ते में एक बाइक उसकी चपेट में आ गई जिससे बस में आग लग गई और दर्दनाक हादसा हो गया। यह घटना परिवहन विभाग की घोर लापरवाही और उदासीनता को उजागर करती है।

**सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कार्यवाही की मांग की:** स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि यदि बसों में सुरक्षा उपकरण मौजूद रहते, तो शायद ऐसी दुखद घटना को टाला जा सकता था। उन्होंने मांग की है कि विभाग तत्काल सड़कों पर दौड़ रही बसों की जांच करे और बिना सुरक्षा मानकों वाली बसों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में ऐसी अप्रिय घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो।

**इनका कहना है ...**

यदि यात्री बसों में अग्निशमन यंत्र और फर्स्ट एड बॉक्स सहित अन्य मापदंडों को पूरा नहीं किया जा रहा है तो मैं जल्द ही टीमों को गठित कर जांच करवा कर कार्यवाही करवाता हूं।

**- आर के सोनी जिला परिवहन अधिकारी भिंड**

## यातायात को अवरुद्ध कर रहे हाथ ठेले वालों को हटाया

**ग्वालियर।** नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई।

मदाखलत अधिकारी श्री रवि कोरी ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय के निर्देशानुसार उपायुक्त श्री सत्यपाल सिंह चौहान एवं नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत कम्पू स्थित के.आर.जी कॉलेज के सामने एवं बिजली घर के पास मुख्य मार्गो पर यातायात अवरुद्ध कर रहें हाथ ठेले वालो को हटाया जाकर हाथ ठेले, तराजू, काउंटर ,टेबल आदि समान जप्त करने की कार्यवाही की गई। इसके साथ ही महाराज बाड़ा क्षेत्र गांधी मार्केट पुलिस चौकी के पास मुख्य मार्ग पर यातायात अवरोध कर रहे हाथ ठेले वालो को हटाया जाकर हाथ ठेले जप्त करने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में मदाखलत निरीक्षक श्री विशाल जाटव एवं दक्षिण विधानसभा अमला उपस्थित रहा।

# गोवंश के साथ अमानवीय कृत्य : आरोपी का जुलूस निकालकर सौंपा पुलिस को

## मानपुरा गांव में घटी शर्मनाक घटना, गौ-रक्षा समिति और करणी सेवा संगठन ने पकड़ा आरोपी

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** शहर के देहात थाना क्षेत्र के मानपुरा गांव से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां एक युवक पर गोवंश के साथ अमानवीय कृत्य करने का आरोप लगा है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय गो-रक्षा समिति और करणी सेवा संगठन के सदस्यों ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को पकड़ लिया और गांव में जुलूस निकालते हुए थाने तक पहुंचाया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, यह घटना 4 नवंबर की रात की है। फरियादी जल सिंह राजावत (19) निवासी लहार रोड, मानपुरा ने पुलिस को रिपोर्ट दर्ज कराई कि मानपुरा निवासी भानु प्रताप उर्फ कल्लू प्रजापति ने रामकुमार पंडित के मकान के बाहर घूम रही एक गाय को हांककर टीनशेड के अंदर ले जाकर उसके साथ गलत कृत्य किया। इस घटना को अभिषेक राजावत ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया। जब जल सिंह और अभिषेक ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की, तो वह मौके से भाग गया।



इसके बाद ग्रामीणों ने गो-रक्षा समिति और करणी सेवा संगठन को सूचना दी। मौके पर पहुंचे कार्यकर्ताओं ने आरोपी को पकड़कर गांव के मुख्य बाजार से जुलूस निकालते हुए देहात थाना पहुंचाया। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी भानु प्रताप उर्फ कल्लू प्रजापति को हिरासत में लेकर उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। आरोपी से पूछताछ जारी है तथा गोवंश का पशु चिकित्सक से परीक्षण कराया जा रहा है। घटना के बाद क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। गो-रक्षा समिति के सदस्यों ने पुलिस प्रशासन से आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के कृत्यों में संलिप्त लोगों को कठोर सजा दी जानी चाहिए, ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह का शर्मनाक काम करने की हिम्मत न कर सके। पूरे प्रकरण ने इलाके में धार्मिक और सामाजिक आक्रोश को जन्म दिया है, और पुलिस अब इस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।

**आरोपी से पूछताछ की जा रही है :**

आरोपी को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की जा रही है। जिसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**मुकेश शाक्य, टीआई, थाना देहात भिंड**

# बीएलओ घर-घर पहुंचकर कर रहे मतदाता सत्यापन

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 का कार्य तेजी से जारी है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी किरोड़ी लाल मीणा के आदेशानुसार जिले की सभी 05 विधानसभा क्षेत्रों

**पात्र नागरिकों को जोड़ा जा रहा सूची में**

भिंड, अटेर, लहार, मेहंगाव और गोहद में मतदाता सूची के अद्यतन और सत्यापन का कार्य निर्धारित कार्यक्रम अनुसार किया जा रहा है।

इस विशेष अभियान के तहत बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) गांव-गांव और वार्ड-वार्ड जाकर घर-घर मतदाता सत्यापन कर रहे हैं। प्रत्येक मतदाता के घर पर पहुंचकर बीएलओ ईन्यूमरेशन फार्म (गणना प्रपत्र) वितरित कर रहे हैं, जिसमें परिवार के सभी मतदाताओं का विवरण भरा जा रहा है। साथ ही जिन नागरिकों के नाम मतदाता सूची में नहीं हैं, उन्हें नए मतदाता के रूप में पंजीकृत करने की प्रक्रिया भी की जा रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि यह पुनरीक्षण कार्य पूरी पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में शामिल होना लोकतांत्रिक व्यवस्था की मूल भावना है। बीएलओ को निर्देश दिए गए हैं कि वे किसी भी पात्र मतदाता को वंचित न रखें और छूटे हुए नामों को प्राथमिकता से जोड़ा जाए। अभियान के दौरान मतदाताओं से उनके पहचान पत्र, निवास प्रमाण पत्र और जन्मतिथि से संबंधित दस्तावेज लेकर सत्यापन किया जा रहा है। जिन मतदाताओं के पते या विवरण में त्रुटि पाई जा रही है, उन्हें तत्काल सुधार का अवसर भी प्रदान किया जा रहा है। जिला निर्वाचन कार्यालय ने नागरिकों से अपील की है कि वे बीएलओ के संपर्क में रहकर अपने नाम, पता या आयु से संबंधित जानकारी का सत्यापन कराएं। पात्र मतदाता फॉर्म-6 भरकर नया नाम जोड़ सकते हैं, फॉर्म-7 से किसी गलत प्रविष्टि का नाम हटवा सकते हैं और फॉर्म-8 के माध्यम से अपने विवरण में सुधार करवा सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूत करता है। हर नागरिक का कर्तव्य है कि वह मतदाता सूची में अपना नाम सुनिश्चित करे ताकि आगामी चुनावों में निर्बाध रूप से मतदान कर सके। अभियान के दौरान निर्वाचन विभाग की निगरानी टीमें भी लगातार मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर रही हैं ताकि कार्य की गुणवत्ता, गति और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके। अधिकारियों ने बताया कि लक्ष्य है कि दिसंबर तक जिले में शत-प्रतिशत पात्र मतदाता सूची में शामिल हो सकें।



# दंदरौआधाम में महामंडलेश्वर का धूमधाम से मनाया जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल दंदरौआधाम में बुधवार को श्रीश्री 1008 महामंडलेश्वर महंत रामदास महाराज का जन्मोत्सव भक्तिभाव और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इस अवसर पर पूरे परिसर को फूलों से सजाया गया और भक्तों द्वारा महाराज जी के दीर्घायु होने की कामना करते हुए विशेष पूजा-अर्चना की गई।

समारोह में पहुंचे समाजसेवी प्रमोद चौधरी ने महंत रामदास जी महाराज को वस्त्र और फल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। भक्तों ने मिठाइयों और फलों के साथ तुलादान किया। इसी दौरान कलेक्टर किरोड़ी लाल मीना और पुलिस अधीक्षक डॉ. असित यादव ने भी मंदिर पहुंचकर महाराज जी को फूलों का गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। महाराज ने दोनों अधिकारियों को शाल और स्मृति चिन्ह भेंटकर आशीर्वाद प्रदान किया। अपने जन्मोत्सव पर महामंडलेश्वर रामदास जी महाराज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मंदिर परिसर में यज्ञाचार्य रामेश्वर दयाल भारद्वाज और मीरा कॉलोनी के श्रद्धालुओं द्वारा रामार्चा महायज्ञ का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों भक्तों ने भाग लिया। भगवान श्रीराम का विशेष अभिषेक भी संपन्न हुआ। कार्यक्रम के पश्चात मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस पावन अवसर पर एसडीएम मेहगांव नवनीत शर्मा, एसडीओपी संजय कोच्छा, तहसीलदार राजकुमार नागोरिया, महंत कालिदास महाराज, समाजसेवी प्रमोद चौधरी, दिलीप सिंह भदौरिया, अशोक भारद्वाज, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के पूर्व अध्यक्ष के.पी. सिंह भदौरिया, एम.एल. दौलतानी, एडवोकेट विनोद दीक्षित, रामहरि शर्मा, भगवती शुक्ला, जलज त्रिपाठी, पवन शास्त्री, राजेन्द्र दद्दा, रामनिहोर जोशी, रामकुमार बौहरे और नरसी दद्दा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर परिसर में भक्तों के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और जन्मोत्सव का यह आयोजन आस्था, सेवा और सद्भाव का संदेश देता नजर आया।



# आज से आरंभ होगी श्रीभागवत महापुराण अमृतमय कथा

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** श्रद्धा और भक्ति के वातावरण में मां निरंजना धाम मंदिर परिसर में आगामी 6 नवंबर 2025 से श्रीभागवत महापुराण अमृतमय कथा का शुभारंभ होने जा रहा है। कथा का आयोजन महिला सत्संग मंडल एवं समस्त भक्तगण निरंजना धाम मंदिर परिसर भिण्ड के तत्वावधान में किया जा रहा है।

कथा के पारीक्षित मुन्नी देवी और प्रमोद शर्मा रहेंगे तथा कथा का वाचन प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कथा आरंभ से पूर्व भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो सुबह 11:30 बजे से प्रारंभ होगी। यह कलश यात्रा 17 बटालियन मंदिर से प्रारंभ होकर 72 क्वार्टर, नया ब्लॉक, गेट नंबर 1, इटावा रोड और गेट नंबर 6 से होते हुए पुनः मां निरंजना धाम मंदिर परिसर पहुंचेगी। यात्रा मार्ग में श्रद्धालु महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भजन-कीर्तन के साथ जयघोष करती हुई चलेंगी।



यात्रा के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु ट्रैफिक पुलिस विभाग को सूचना दे दी गई है। निर्धारित रूट के अनुसार ट्रैफिक नियमों का पालन करते हुए यात्रा हाईवे मार्ग से मंदिर परिसर तक पहुंचेगी। इस धार्मिक आयोजन में टिकरी धाम के कमल दास महाराज, चिलोंगा वाले महाराज, और कोषण वाली माता के महाराज सहित अनेक संत-महात्माओं का आगमन रहेगा। आयोजकों ने बताया कि सात दिनों तक प्रतिदिन विभिन्न संतों के दर्शन एवं प्रवचन का लाभ श्रद्धालुजन प्राप्त करेंगे। श्रद्धा, भक्ति और सत्संग से ओत-प्रोत यह आयोजन पूरे जिले में धार्मिक आस्था का केंद्र बनने जा रहा है।

# गोदाम प्रभारी पर 10 हजार बोरी खाद ब्लैक करने का आरोप

## खाद घोटाले पर गरजे पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह, सहकारिता मंत्री को पत्र लिखकर की सख्त कार्रवाई की मांग

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** जिले के लहार और दबोह क्षेत्रों में खाद की व्यापक कालाबाजारी को लेकर राजनीतिक हलकों में हड़कंप मच गया है। प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं लहार विधायक डॉ. गोविंद सिंह ने सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण पत्र लिखते हुए इस पूरे प्रकरण में तत्काल और कठोरतम दंडात्मक कार्रवाई की मांग की है।

डॉ. सिंह ने पत्र में आरोप लगाया है कि लहार एवं दबोह सहकारी गोदामों में डीएपी, यूरिया और एनपीके खाद की 10 हजार से अधिक बोरियां गोदाम प्रभारी दीपक शर्मा द्वारा प्रति बोरी 100 रुपए से 200 रुपए अधिक दर पर बेचकर किसानों के साथ खुली लूट की गई है। उन्होंने कहा कि जब एक ओर किसान अपनी रबी की फसल के लिए खाद के लिए परेशान है, वहीं गोदाम प्रभारी ने हजारों बोरी खाद ब्लैक में बेच दी। यह किसानों के साथ धोखा और सरकारी व्यवस्था की साख पर सवाल है।



**17 दिन बाद भी कार्रवाई में ढिलाई, अधिकारियों पर संरक्षण का आरोप:** पूर्व नेता प्रतिपक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि लहार के एसडीएम विजय यादव को शिकायत मिलने पर गोदाम पर छापा मारा गया, जिसमें हजारों बोरियां स्टॉक से गायब पाई गईं। इस पर 17 दिन पहले गोदाम प्रभारी को निलंबित कर गोदाम सील कर दिया गया था। लेकिन, डॉ. सिंह का कहना है कि इतने गंभीर मामले में मात्र निलंबन पर्याप्त नहीं है। जिला प्रशासन के अधिकारी दोषियों को संरक्षण दे रहे हैं, जिसके कारण अब तक कोई आपराधिक कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिले के कुछ अधिकारी अब गोदाम प्रभारी से मिलीभगत कर बाजार से खाद खरीदकर स्टॉक की पूर्ति करने में लगे हैं ताकि कालाबाजारी के वास्तविक आँकड़े और वित्तीय अनियमितताएं छिपाई जा सकें। गोदाम प्रभारी दीपक शर्मा पर तत्काल प्रभाव से आपराधिक प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तारी की जाए।

# 60 से अधिक गौवंश की तस्करी का प्रयास विफल

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** जिले के रमपुरा गांव में मंगलवार की शाम गौवंश की तस्करी का बड़ा मामला सामने आया, जहां 3 महिलाओं और 5 पुरुषों द्वारा करीब 60 से 65 गायों के बछड़ों को बांधकर कहीं ले जाया जा रहा था। स्थानीय ग्रामीणों की सतर्कता और बजरंग दल के जिला संयोजक कुलदीप तोमर की त्वरित कार्रवाई से यह पूरा मामला उजागर हुआ।

जानकारी के अनुसार, रमपुरा निवासी टिंकू राजावत, पिंकू राजावत और अमित राजावत ने संदिग्ध गतिविधि देखते ही तुरंत जिला संयोजक कुलदीप तोमर को फोन कर सूचना दी। सूचना मिलते ही तोमर शाम करीब 7:30 बजे मौके पर पहुंचे। उनके पहुंचते ही ऊमरी थाना और नयागांव थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंच गई। कुलदीप तोमर ने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों की मदद से सभी गाय के बछड़ों को तस्करों से मुक्त कराया। इनमें से कुछ गायों को रमपुरा के जंगलों में और कुछ को पांडरी के बीहड़ क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ा गया। पुलिस ने मौके से तीनों महिलाओं को थाने में बैठाकर पूछताछ शुरू कर दी है। जबकि बाकी संदिग्ध मौके से फरार हो गए।




**गौवंश की तस्करी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी:** बजरंग दल जिला संयोजक कुलदीप तोमर ने कहा कि गौवंश की तस्करी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह हमारी आस्था और संवेदना से जुड़ा विषय है। प्रशासन को चाहिए कि ऐसे मामलों में कड़ी कार्रवाई कर दोषियों को गिरफ्तार किया जाए। गांव में हुई इस घटना के बाद से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि गौतस्करी करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में

# बीज निगम के पूर्व उपाध्यक्ष के भतीजे का गिरफ्तारी वारंट जारी

नवभारत न्यूज

**भिण्ड, 5 नवम्बर।** शहर के महावीर नगर निवासी नीलेश कुमार से प्लॉट दिलाने के नाम पर 11 लाख रुपए हड़पने के मामले में बीज निगम के पूर्व उपाध्यक्ष राजकुमार कुशवाह के भतीजे भोलाराम कुशवाह पर पुलिस ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। मामला वर्ष 2021 का बताया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार, वर्ष 2021 में नीलेश कुमार ने भोलाराम कुशवाह को एक प्लॉट दिलाने के लिए 11 लाख रुपए नकद दिए थे। लेकिन पैसे लेने के बाद भी आरोपी ने न तो प्लॉट दिया और न ही रकम वापस की। कई बार कहासुनी होने के बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता को एक चेक दिया, जो बैंक में जमा करने पर बाउंस हो गया। शिकायतकर्ता नीलेश कुमार ने इसकी शिकायत संबंधित थाने में दर्ज कराई। मामले की जांच में आरोप सही पाए जाने पर न्यायालय ने भोलाराम कुशवाह के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी कर दिया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और अब वारंट जारी होने के बाद उसकी गिरफ्तारी की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह मामला शहर में तेजी से चर्चा का विषय बना हुआ है। पीड़ित नीलेश कुमार ने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है और आरोप लगाया है कि आरोपी प्रभावशाली होने के कारण अब तक गिरफ्तारी से बचता रहा है।